AMAR UJALA (MY CITY), Meerut, 26.11.2024
Page No. 1, Size:(2.49)cms X (3.35)cms.

दो रुपये प्रति किलो महंगी हो गई सीएनजी

मेरठ। गेल गैस कंपनी ने मेरठ में सीएनजी के दाम दो रुपये प्रति किलो बढ़ा दिए हैं। सोमवार सुबह से बढ़े रेट लागू कर दिए गए। जिले में गेल कंपनी के 10 सीएनजी पंप हैं। सीएनजी से चलने वाले वाहनों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। रविवार रात तक यहां 81 रुपये प्रति किलो दाम थे, अब दो रुपये बढ़कर 83 रुपये प्रति किलो हो गए हैं। ब्यूरो

मेरठ में महंगी हुई सीएनजी दो रुपये बढ़े

जागरण संवाददाता, मेरठ : सीएनजी के दाम में सोमवार को दो रुपये की बढ़ोतरी की गई है। अब प्रति किग्रा सीएनजी की कीमत 83 रुपये हो गई है। गेल गैस की सेवा मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा व मुजफ्फर नगर में है। इन सभी स्थानों पर समान रूप से बढ़ोतरी हुई है। इससे अब वाहन चालकों पर बोझ पड़ेगा। पेट्रोल की कीमत भी वर्तमान में 94.43 रुपये है। गेल गैस लिमिटेड के मेरठ क्षेत्र के महाप्रबंधक विनय कुमार ने बताया कि बढ़ी हुई दर लागू कर दी गई है। हालांकि पिछले महीने ही घरेलू पीएनजी गैस की कीमत में चार रुपये की कमी की गई थी।

वाहन चालक राजेश का कहना है कि कम दाम होने और माइलेज के कारण सीएनजी का उपयोग किया जाता है। यदि सीएनजी की कीमत भी पेट्रोल के बराबर पहुंच जाएगी तो लोग पेट्रोल का उपयोग करना चाहेंगे। यदि सरकार को हरित गैस को बढ़ाना है तो पेट्रोल और सीएनजी की कीमत में 20-30 रुपये से अधिक अंतर रखना चाहिए।

I NEXT, Meerut, 26.11.2024
Page No. 1, Size:(22.20)cms X (9.21)cms.

वैट घटे तो मिले सस्ती सीएनजी का फायदा

MEERUT (25 Nov inext): सीएनजी के दाम में सोमवार को दो रुपये की बढ़ोतरी की गई है. अब प्रति किग्रा सीएनजी की कीमत 83 रुपये हो गई है. गेल गैस की सेवा मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा

i SPECIAL

व मुजफ्फर नगर में है. इन सभी स्थानों पर समान रूप से बढ़ोतरी हुई है. इससे अब वाहन चालकों पर बोझ पड़ेगा. पेट्रोल की कीमत भी वर्तमान में 94.43 रुपये है. गैस कंपनी के मुताबिक, अगर प्रदेश सरकार वैट कम कर दे कंज्यूमर्स के साथ कंपनी को भी सस्ती गैस के साथ काफी राहत मिलेगी.

इंपोर्ट करनी पड़ती है गैस

CONCEPT PIC

गैस कंपनियों के मुताबिक भारत में गैस बहुत मात्रा में नही मिलती है. इसका इंपोर्ट करना पड़ता है. वही कंज्यूमर्स के मुताबिक अगर गवर्नमेंट ने वैट और एक्साइज नही कम किया जो सीएनजी के दाम पेट्रोल के बराबर या अधिक ही न हो जाए. एक बड़ा सवाल यह है कि जब पूरे देश में जीएसटी लागू है तो वैट लिया क्यों जा रहा है. अगर यह खत्म नहीं हुआ तो घरों में खाना बनना भी महंगा हो जाएगा. नेचुरल गैस जो अपने देश में उत्पादित की जाती है उसकी कीमत 6.1 डॉलर प्रति एक मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट से बढ़कर 88.57 डॉलर हो गई है. रूस व यूक्रेन वॉर के कारण भी कीमतों पर पड़ा है. जिससे इंटरनेशनल के साथ देश में उत्पादित गैस की दरों को भी बढ़ाना पड़ा है.

सीएनजी रेट प्रति किलो

लखनऊ	93.96
आगरा	93.96
कानपुर	84.42
मुरादाबाद	92.50
नोएडा	79.70
गाजियाबाद	79.70

प्रमुख शहरों में सीएनजी के रेट (रुपए प्रति केजी में)

बरेली	96.75
गोरखपुर	93.00
सुल्तानपुर	94.00
अयोध्या	94.00

"सीएनजी की बढ़ी हुई दर लागू कर दी गई है. हालांकि पिछले महीने ही घरेलू पीएनजी गैस की कीमत में चार रुपये की कमी की गई थी. .

विनय कुमार, जीएम,
गेल गैस लिमिटेड मेरठ क्षेत्र

मिल सकता है 5-6 रुपये का लाभ

गैस कंपनियों के मुताबिक, अगर प्रदेश में सीएनजी पर वैट 5 प्रतिशत या इससे कम हो तो बड़ी राहत मिल सकती है. ऐसा होने पर 5-7 प्रतिशत तक रेट में फर्क पड़ेगा, यानि करीब 5-6 रुपये तक का फायदा मिलेगा. इसको लेकर कई बार मांग की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई फैसला नही लिया गया है.

शासन में हो चुकी है बैठक

सीएनजी पर लग रहे भारी वैट को कम करने को लेकर गैस कंपनियों ने प्रमुख सचिव स्तर पर मिलकर बैठक भी की है. जिसमें वैट दरों को कम करने की मांग रखी गई थी. अगर मांगे मान ली जाएं तो कंपनी के साथ कंज्यूमर्स को भी सस्ती गैस का फायदा मिलेगा

प्रदेश में वैट सबसे ज्यादा

गैस कंपनियों के मुताबिक देश में सीएनजी पर सबसे ज्यादा टैक्स यूपी में है. प्रदेश में वैट 12.5 परसेंट और एक्साइज ड्यूटी 14.5 परसेंट है. जबकि, ओवरऑल टैक्स करीब 22.5 परसेंट पड़ता है. अन्य प्रदेशों की बात करें तो महाराष्ट्र में करीब 3 परसेंट वैट और बिहार में करीब 5 परसेंटवैट लगता है. दिल्ली में तो सीएनजी वैट फ्री है.

बोले लोग...

पब्लिक को सीएनजी काफी महंगी पड़ रही है. लगभग पेट्रोल के बराबर ही रेट हैं. दाम कम नहीं हुए तो यह पेट्रोल से महंगी हो जाएगी सीएनजी.
रमन ढींगरा

सीएनजी लगातार महंगी होती जा रही है. पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर बने हुए हैं. काफी खर्चा हो रहा है. सरकार को वैट कम करना चाहिए.
नरेश